छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)
शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) – 492001
दूरभाष नंबर :– 0771–4918927
Email: - office.rera.cg@gov.in Website: - https://rera.cgstate.gov.in/

क्रमांक– पंजी./2585/रेरा/2024/107 दिनाँक 30/09/2024

परिपत्र

विषयः– रेरा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में।

भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा–4 (2)(ठ)(ई) में प्रमोटर्स द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर, अपने खातों की व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से लेखों परीक्षा (AUDIT) कराने तथा उसके द्वारा सम्यक, रूप से प्रमाणित तथा हस्ताक्षरित लेखों का विवरण प्रस्तुत करने का प्रावधान है।

उक्त प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पश्चात् प्रस्तुत की जाने वाली वार्षिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट दिनाँक 30.09.2024 तक प्रस्तुत की जानी थी। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के उक्त माह मे अधिकतम कार्य का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त समय प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किये है।

प्राधिकरण द्वारा भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा–37 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वार्षिक लेखा परीक्षण वर्ष 2023–2024 की अंतिम निर्धारित तिथि 31.10.2024 की जाती है।

निर्धारित तिथि 31.10.2024 उपरांत वार्षिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर नियमानुसार विलंब शुल्क देय होगा।

(मान. प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित)

30/09/24

(अरूण कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग)